# कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए : जिलाधीश




**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में मंगलवार को समय-सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित जल समस्याओं के त्वरित निराकरण, नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, जनगणना कार्यों की प्रगति, अटल बीमा योजना के प्रकरण, पट्टा सर्वे कार्य एवं सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न अंतरविभागीय मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षयर कुमार तेम्रवाल, एसडीएम संतोष तिवारी सहित सभी जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दतिया में तीन शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर तीन व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। यह निर्णय संबंधित मामलों में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने और शस्त्र के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए लिया गया। पहले प्रकरण में लाइसेंसधारी नरेश रावत पिता रामसेवक रावत, निवासी पचोखरा थाना गोराघाट के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन हुआ है और भविष्य में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है, जिसके चलते उनका शस्त्र लाइसेंस निलंबित किया गया। दूसरे मामले में राजेन्द्र सिंह पिता श्री देवी सिंह गुर्जर, निवासी बड़ोनकला थाना गोराघाट के

**शस्त्र के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए लिया निर्णय**

खिलाफगंभीर धाराओं में अपराध दर्ज होने के साथ ही उन्हें न्यायालय द्वारा दंडित भी किया जा चुका है। इस आधार पर उनके शस्त्र लाइसेंस को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया।

तीसरे प्रकरण में श्रीमती गरिमा शुक्ला पति रविकांत शर्मा उर्फ फ्नू पोरिया, निवासी बड़ोनकला थाना गोराघाट के मामले में उनके पति द्वारा लाइसेंसी शस्त्र के दुरुपयोग कर फायरिंग किए जाने की घटना सामने आई है। इस कारण लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन और जनसुरक्षा के मद्देनजर उनका लाइसेंस भी निलंबित किया गया। जिला प्रशासन ने तीनों मामलों में संबंधित व्यक्तियों को निर्देशित किया है कि वे अपने शस्त्र एवं लाइसेंस तत्काल संबंधित थाने में जमा कराएं। प्रशासन का कहना है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह कार्रवाई की गई है।

# शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक : अग्रवाल



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** वर्तमान समय की आवश्यकता है कि शिक्षक और माता-पिता शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के संस्कारों पर भी नजर रखें क्योंकि संस्कारहीन शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है । संस्कारित छात्र ही भविष्य में उच्च स्तरीय पदों को शुशोभित करते हैं और समाज का आईना बन परिवार और देश का नाम रोशन करते हैं। उक्त बात लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने शुभारंभ करते हुए कही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डीपीसी राजेश मंडल अध्यक्ष उनाव दिनेश शर्मा ,शुक्ला, प्राईवेट स्कूल्स एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह चौहान, महासचिव राजकुमार शर्मा, उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष सलीम खान ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन से हुई। कार्यक्रम में फूल सिंह कुशवाह, मेहबूब खान, जशरथ सिंह यादव, इंजी.लतीफ खान राजेंद्र प्रजापति राजेश कुमार सेन को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन आशना खान एवं कल्पना राजावत ने एवं आभार विद्यालय संचालक राशिद खान ने किया।

# पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ कल से



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** पण्डोखर सरकार के नाम से विख्यात त्रिकालदर्शी संत गुरुशरण महाराज के दिव्य सान्निध्य में 30 वें वार्षिक पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन 2 अप्रैल से 22 अप्रैल तक दतिया जिले की भांडेर तहसील के अंतर्गत ग्राम पण्डोखर में हाने जा रहा है। पण्डोखर धाम महोत्सव का भव्य शुभारंभ 2 अप्रैल को श्रीराम महायज्ञ की मंगल कलश यात्रा के साथ होगा।

पंडोखर धाम के विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजन कर कलश भरे जाएंगे। पण्डोखर धाम ट्रस्ट के संस्थापक व सचिव मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलशयात्रा के दौरान ही सायंकाल 6 बजे पवित्र पुष्पावती नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन भी किया जाएगा , जिसमें काशी व प्रयागराज के विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक गंगा आरती की जाएगी। बुंदेलखंड के पारंपरिक मार्शल आर्ट प्रस्तुत करते अखाड़े अपनी शस्त्रकला का प्रदर्शन करेंगे, वहीं लेजिम वादन, डमरू दल द्वारा भक्ति गीतों पर नृत्य, तथा श्रीराम - लक्ष्मण - जानकी - हनुमानजी सहित , रास रचाते राधा कृष्ण और राक्षसों का संहार करती माता महाकाली की सजीव झांकियां श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। इसके साथ ही बुंदेलखंड की प्रसिद्ध सोवत भक्ति एवं राई लोकगीतों पर नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कलशयात्रा में देश-विदेश से आने वाले श्री गुरुशरण जी महाराज के बुंदेलखंड की प्रसिद्ध जवाबी कीर्तन कला का प्रदर्शन होगा, जिसमें छतरपुर की कीर्तनकार नीलम विश्वकर्मा एवं उरई के अजय-विजय के बीच रोचक मुकाबला होगा। इस कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह राजावत करेंगे।

पूरे महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, पंडोखर धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश चंद्र खरे , कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा , सचिव मुकेश कुमार गुप्ता , अशोक कुमार शुक्ला , बी के बाजपेई , पंकज त्रिपाठी , बिंदु शर्मा , राजू खरे , रामावतार सोनी , अजेंद्र गौर , विपिन विरथरे , ददुर्जेंद्र शर्मा , राहुल शर्मा , शंकर सिंह , बारिस मंसूरी , शिशिर खरे , मयंक गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम महायज्ञ एवं कलश यात्रा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आज के युग में शिक्षा प्रणाली अनेक चुनौतियों से गुजर रही : पुजारी




**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** आज के युग में जब शिक्षा प्रणाली अनेक चुनौतियों से गुजर रही है और विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है, ऐसे समय में पटेल जी जैसे शिक्षकों का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उनका सेवाभाव और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत यह भी चिन्ता का विषय है कि सरकारी स्कूलों से छात्रों की संख्या प्रतिवर्ष कम होती जा रही है जिससे स्कूल मर्ज होने के कगार पर पहुँच गये है, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकेत है। इस पर सभी शिक्षकों को मिलकर चिंतन करने की आवश्यकता बताई। उक्त बात ग्राम भारती शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय दलपतपुर में प्रधानाध्यापक गिरीश चन्द्र पटेल के सेवानिवृत्ति अवसर पर अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्य अतिथि के रूप में बी.आर.सी.सी पुरुषोत्तम पाठक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राधाचरण पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश पुजारी द्वारा किया गया। अपने भावुक उद्बोधन में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक गिरीश चन्द्र मिश्रा ने सभी सहयोगियों ,समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी आप सभी का स्नेह और सम्मान है। मैंने सदैव प्रयास किया कि अपने कर्तव्य को ईमानदारी और बिना किसी तनाव के निभा सकूं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा श्री पटेल का शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

इस दौरान ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बल्ले रावत भाण्डेर,शैलेन्द्र लिटौरिया महेंद्र शर्मा धमना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रेष्ठ शिक्षा से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता है : विधायक अग्रवाल



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** विद्यालय का उत्साहवर्धक परीक्षा परिणाम शिक्षकों की मेहनत का फल है कि बच्चे शत- प्रतिशत अंको के साथ सफल होने में कामयाब हो पाए। श्रेष्ठ शिक्षा से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता है ज्ञान ही इंसान को जीने योग्य बनाता है शिक्षक ज्ञान का अविरल स्त्रोत है जो लाखों छात्रों के भाग्य का निर्माण करता है एक शिक्षक छात्रों के अवगुणों को दूर कर सफल इंसान बनाता है। उक्त बात मंगलवार को भारतीयम् विद्यापीठ विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम के दौरान मुख्य अतिथि सेंवढ़ा विधायक एवं विद्यालय चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कही।

इस दौरान विद्यालय डायरेक्टयर सागर अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियो का स्वालगत विद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रम सक्सेरना ने पुष्प् गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद परीक्षा परिणाम घोषित कर कक्षाओं में प्रथम, द्वतीय और तृतीय स्थानों पर आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियो द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।



# अंडर-18 (गर्ल्स) इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट जारी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** ग्वालियर के रूप सिंह स्टेडियम में आयोजित अंडर-18 (गर्ल्स) इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में मान्या यादव के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर दतिया ने शिवपुरी की टीम को 6 विकेट से पराजित कर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। उक्त जानकारी दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संतोष लिटौरिया ने देते हुए बताया कि निर्धारित 40-40 ओवरों के मैच में

**दतिया की बालिकाओं ने शिवपुरी को 6 विकेट से हराया**

दतिया टीम की कप्तान मान्या यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शिवपुरी की टीम ने 39.1 ओवर में 168 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अब दतिया का अगला मैच ग्वालियर से होगा। दतिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने दतिया की बेटियों के शानदार प्रदर्शन पर समस्त टीम, कोच प्रेरणा राजा, मेनेजर सत्यनारायण शास्त्री को बधाई दी और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# गैस की किल्लत, बिजली दरों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन




**नवभारत न्यूज**

**दतिया 31 मार्च।** मोदी-मोहन सरकार द्वारा जनता पर लगातार डाली जा रही महंगाई की मार, एलपीजी गैस की किल्लत,पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें और एक अप्रैल से बढ़ाई जा रही बिजली दरों के विरोध में मंगलवार को जन समास्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम दतिया एस डी एम संतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में बताया डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानी के समय किसानों को समय पर डीजल न मिलने से गेहूं काटने वाली हार्वेस्टर नहीं चल पा रही जिससे किसानों तैयार खड़ी फसल का नुकसान हो रहा है एवं डीजल पेट्रोल समय पर नहीं मिलने से आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

इसी प्रकार शहर की सड़कों पर आवारा घूमते साड़ों के कारण आय दिन एक्सीडेंट हो रहे शहर में सांडो के हमलों से कई लोगों को अपनी जान खोनी पड़ी ओर नगरपालिका इतनी घटनाएं होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रही, दतिया शहर कई महीनों से शहर के मुख्य मार्गो की स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह बंद पड़ी रहती जिससे रात में शहर के मुख्य मार्गो में अंधेरा पसरा रहता है और आए दिन सड़क से निकलते वक्त गाड़ियों से एक्सीडेंट होते रहते हैं एवं स्ट्रीट लाइटें बंद होने से रात में सड़कों पर अंधेरा होने कारण शहर के नागरिक रात में सड़कों पर जाने में अपने आप असुरक्षित महसूस करते है!उन्होंने कहा मुख्यमंत्री किसानों ने आपसे कृषि ऋण जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग की गई थी,गेहूं खरीदी की नहीं! लेकिन आपने गेहूं खरीदी की तारीख एक अप्रैल से 15 अप्रैल कर यह साफ कर दिया है कि किसानों का गेहूं खरीदने की आपकी नियत ही नहीं है। यह फैसला किसानों के साथ अन्याय और उनकी मेहनत का अपमान है। यदि उक्त समास्याओं का निराकरण शीघ्र नहीं हुआ तो आगामी उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक,जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर,केशव दाऊ, शिरोमणि सिंह सोलंकी, काले खान,मुकेश आदिवासी, अशोक श्रीवास्तव, आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम कडूरा वासियों ने किया विधायक का सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़ 31 मार्च।** इंदरगढ प्रीत बाबा के मंदिर ग्राम कडूरा तहसील इंदरगढ पर ग्राम वासियों द्वारा विधायक प्रदीप अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक अग्रवाल के साथ पुरुषोत्तम पोद्दार, सुजान सिंह रावतए राकेश मुद्गल, अमरीश गुप्ताए अमज़द खान, रामबरण सिंह रावत, जितेन्द्र सिंह रावत, लाल जी गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

सर्वप्रथम विधायक श्री अग्रवाल ने परीत बाबा एवं हीरामन बाबा को पुष्प चढ़ा कर नतमस्तक हो दर्शन किये ए तदुपरांत प्रधान सिंह भगत जी ए एवं उपस्थित ग्राम वासियों ने विधायक एवं अतिथियों का माल्यार्पण करए एवं शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया ।इस अवसर पर विधायक अग्रवाल ने ग्राम वासियों के साथ जन संवाद करते हुये ग्राम की समस्याओं की जानकारी ली ।सम्मान समारोह के उपरांत यहाँ आयोजित सहभोज में विधायक अग्रवाल ने उपस्थित जनों के साथ भोजन ग्रहण किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्रामवासी प्रधान सिंह भगत जीए कंचन सिंह राजवतए मंदिर के पुजारी जी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जन सुनवाई के दौरान सुनी 110 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

**दतिया 31 मार्च।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 110 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जन सुनवाई के दौरान श्रीमती लाड़ो राईन ने आवेदन किया प्रार्थिया की बहू द्वारा उसके साथ घरेलू हिस्सा मारपीट की जाती है। देवी सिंह ने आवेदन दिया कि उसके दो पुत्रों द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा कर उसे बेदखल कर दिया है और उसके प्रताड़ित किया जा रहा है। मीनू जाटव आवेदन दिया कि पटवारी द्वारा संबल कार्ड के तहत् अनुग्रह राशि की फाईल पर हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे है। इसी प्रकार जन सुनवाई के दौरान रास्ता अवरूद्ध करने, नाली के पानी की निकासी, वृद्धवस्था पेंशन, सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, सड़क निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, खाद्यान वितरण, खाद वितरण, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके निराकरण हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कुछ आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।

# गायों के लिए पानी की टंकियां रखवाई



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 31 मार्च।** जैन समाज में अग्रणी संस्था यारो के यार ग्रुप ग्वालियर ने हनुमान जयंती ओर महावीर जयंती के पावन अवसर पर सबसे पहले सुबह लक्ष्मण तलैया पर पहुंचकर ग्रुप के मेंबरों ओर बच्चों में अहिंसा परमो धर्म के दौरान जीवदया के प्रतीक सेवाकार्य किया। जीवों की सेवा ही भगवान के चरणों की सेवा के बराबर है।

यारों के यार ग्रुप के द्वारा समाजसेवी सिंघई विमल जैन के नेतृत्व में सभी मेंबरों ने गर्मी के आते ही गायों के पीने की टंकिया अलग अलग स्थानों पर रखवाई। साथ सिंघई विमल जैन का सम्मान ग्रुप के दिनेश जैन अप्पे, नीरज जैन, जीतू जैन, मयंक जैन, अमृत जैन, आकाश जैन, सौरभ जैन ओर प्रवक्ता सचिन जैन ने किया। समाज सेवी सिंघई विमल जैन ने कहा कि भगवान महावीर ने कहा कि सभी प्राणियों को जीने का अधिकार है, चाहे वे चींटी हों या अन्य छोटे-बड़े जीव ।करुणा और दया भाव के साथ निर्दोष जीवों की रक्षा करना मनुष्य का सर्वोच्च नैतिक कर्तव्य है। हनुमान जयंती ओर महावीर जयंती के अवसर पर यारो के यार ग्रुप के मेम्बर के साथ बच्चों भी लक्ष्मण तलैया पर पहुंचकर बंदर, गाय, डॉग, कबूतर को फल, ब्रेड, बिस्कुट, मूंगफली, बैरा, खिलाकर जीवदया सेवाकार्य किया। सभी मेंबरों ने जीवों की रक्षा के लिए संकल्प लिया कि जीव दया के लिए हमेशा आगे आकर सेवाएं देंगे।